आयोजन . अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर हुए कई कार्यक्रम

स्कूली बच्चों ने पटना जू की जैव विविधता को अपने कैमरे में किया कैद, पुरस्कार भी जीता

जाना महत्व

संवाददाता ▷ पटना

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने इसके महत्व को जाना और समझा. बच्चों ने संजय गांधी जैविक उद्यान में फोटोग्राफी कर के यहां की जैव विविधता को अपने कैमरे में कैद किया. वहीं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की इकाई बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की ओर से जैविक उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन उन्हें जैव विविधता के महत्व से अवगत कराया गया.

जैव विविधता पर पिछले दिनों पर्षद की ओर से हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण वन एवं जलवायु विभाग के मंत्री नीरज कुमार ने फालसा का पौधा रोप कर किया. उन्होंने राज्य में जैव विविधता के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की ओर से किये जा रहे कामों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि मानव अस्तित्व के लिए जैव विविधता जरूरी है.

इस अवसर पर विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, पर्षद के अध्यक्ष डॉ डीके शुक्ला, आइयूसीएन के पूर्व कंट्री हेड पीआर सिन्हा, पर्षद के संयुक्त निदेशक आरबी सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे.

पटना जू में जैव विविधता पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता स्कूली बच्चे.

पर्षद का होगा अपना लोगो

इस अवसर पर पर्षद का लोगो लांच किया गया. एक बीज के आकार के इस लोगो की डिजाइन पटना आर्ट एंड क्राफ्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार पांडेय ने किया है.

एप का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के एंड्राएड एप हेरिटेज ट्री ऐप का लोकार्पण भी किया गया. इस एप के माध्यम से दशकों पुराने पेड़ों को पहचान दी जायेगी. आम लोग भी अपने आसपास के पेड़ की तस्वीर लेकर इस पर अपलोड कर सकते हैं.

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

चित्रकारी प्रतियोगिता

ग्रेड ए, कक्षा एक से चार

प्रथम पुरस्कार	नंदनी मंकानी, दिल्ली पब्लिक स्कूल
द्वितीय पुरस्कार	इशान सिंह, दिल्ली पब्लिक स्कूल
तृतीय पुरस्कार	जयश्री, सेंट माइकल हाइ स्कूल

ग्रेड बी, कक्षा पांच से आठ

प्रथम पुरस्कार	रोशनी प्रिया, सेंट जोसेफ कांवेंट हाइ स्कूल, जेठुली
द्वितीय पुरस्कार	स्वर्णा सिन्हा, सेंट कैरेंस सेकेंडरी हाइ स्कूल
तृतीय पुरस्कार	जेयान गजाली, दिल्ली पब्लिक स्कूल

ग्रेड सी, कक्षा नौ से 12

प्रथम पुरस्कार	नंदिनी सिंह, सेंट माइकल हाइ स्कूल
द्वितीय पुरस्कार	युक्ता सिंह, सेंट माइकल हाइ स्कूल
तृतीय पुरस्कार	कर्ण कुमार, किलकारी बिहार बाल भवन, पटना

सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता

ग्रुप बी

प्रथम पुरस्कार	सनाज श्रुति	रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल
द्वितीय पुरस्कार	रीता कुमारी	नारी गुंजन
तृतीय पुरस्कार	आदित्य त्रिवेदी	दिल्ली पब्लिक स्कूल

ग्रुप सी

प्रथम पुरस्कार	रेयान रोशन	दिल्ली पब्लिक स्कूल
द्वितीय पुरस्कार	दीक्षिता प्रसाद	डॉन बॉस्को एकेडमी
तृतीय पुरस्कार	शिक्षा श्रेया	रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल

इंडिविजुअल डिबेट

प्रथम पुरस्कार	शुभ्रा मैत्रेय	सेंट जोसफ कांवेंट
द्वितीय पुरस्कार	अंजलि कुमारी	नोट्रेडम एकेडमी
तृतीय पुरस्कार	अनुष्का तिवारी	नोट्रेडम एकेडमी
तृतीय पुरस्कार	फातिमा नजीर	सेंट जोसफ कान्वेंट

प्रभात खबर
Mon, 23 May 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/68199299